**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन जयपुर**

# राज्यपाल ने हनुमानगढ़ में ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

## हर बच्चे को शिक्षा मिलेए जल जीवन मिशन का हो प्रभावी क्रियान्वयन

जयपुरध्हनुमानगढ़ए 19 मार्च। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने बुधवार को हनुमानगढ़ में जिला स्तरीय अधिकारियों से संवाद कर विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत प्रभावी कार्य कर हर घर शुद्ध जल सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा सभी के लिए जरूरी है। गांवए ढाणी में शिक्षा का प्रभावी प्रसार हमारी प्राथमिकता बने। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का समयबद्ध प्रभावी क्रियान्वयन करने के भी निर्देश दिए।

राज्यपाल ने शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर न रहे। जिले में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति की रोकथाम हेतु प्रत्येक महीने मॉनिटरिंग करने तथा समीक्षा करने के निर्देश दिए।


राज्यपाल ने प्रधानमंत्री आवास योजनाए स्वामित्व योजनाए सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास कार्यक्रमए प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजनाए महात्मा गांधी नरेगा योजनाए स्वच्छ भारत मिशनए राजीविकाए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनाए सॉइल हेल्थ कार्डए किसान सम्मान निधि सहित जल जीवन मिशन एवं विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा की।

राज्यपाल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति.2020 के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया और भावी पीढ़ी को बौद्धिक रूप से सुदृढ़ बनाने का आह्वान किया। उन्होंने औद्योगिक विकास और किसान हितैषी योजनाओं पर भी निर्देश दिए। राज्यपाल ने जिले में औद्योगिक विकास को गति देने और अधिक रोजगार अवसर सृजित करने की बात कही। पीएम सूर्यघर और पीएम कुसुम योजना के तहत किसानों को सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। साथ हीए जल संरक्षण और ग्रामीण सड़कों के विकास पर भी जोर दिया।








हनुमान



...